वी.यू. के कैलेंडर का विमोचन

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल के कर कमलों द्वारा वर्ष 2018 के कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय की वर्ष 2017 में की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष हमें शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार कार्य में मेहनत से कार्य करना है एवं देश के टॉप 10 विश्वविद्यालयों में इसको शामिल करने के प्रयास करेंगे।

पशु पालकों की आय दोगुना करना प्रमुख उद्‌देश्य

माननीय प्रधान मंत्री के आवाहन पशु पालकों की आय को 2022 तक दोगुना करना हमारा प्रमुख उद्‌देश्य होगा। जिससे पशु पालक पशु के प्रत्येक उत्पाद जैसे दूध, मूत्र, एवं गोबर से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकते है।

डेरी विकास पर कार्यशाल 06 जनवरी को

म.प्र. में दुग्ध उत्पादन विकास की संभावनाओं पर शनिवार दिनांक 06 जनवरी 2018 को एक कार्यशाला का आयोजन श्री अजीत केसरी आई.पी.एस. प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग म.प्र. शासन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में डॉ. व्ही.के. तनेजा, माननीय पूर्व कुलपति एवं डिप्टी डायरेक्टर जनरल, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, चेयरमैन,

नई दिल्ली, श्री गुलशन बामरा, आय.ए.एस. कमिश्नर, जबलपुर सभांग, डॉ0 अरूणा गुप्ता, आय.ए.एस. मेनेजिग डायरेक्टर, एम.पी.स्टेट को ऑपरेटिव डेरी फेडरेषन भोपाल एवं श्री.के.आर.राव, चीफ जनरल मैनेजर नाबार्ड, भोपाल विशिष्ट अतिथि होंगे तथा अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ0 प्रयाग दत्त जुयाल होगे।

मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में तीसरे स्थान पर

विगत वर्षो में देश में मध्यप्रदेश दुग्ध उत्पादन में चौथे नंबर पर था अब यह तीसरे स्थान पर पहुॅच गया है। विश्वविद्यालय एवं मध्यप्रदेश सरकार का पूरा प्रयास होगा कि अगले पाँच वर्षो में यह प्रथम स्थान पर पहुॅचे।

आज के इस समारोह में महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राध्यापकों का सम्मान भी किया गया एवं डॉ0 व्ही.पी.चन्द्रपुरिया को उनकी सेवानिवृति पर बिदाई दी। कार्यक्रम में डॉ0 आर.पी.एस. बघेल, डॉ0 वाय.पी.साहनी, डॉ0 एस.एन.एस.परमार, डॉ0 ओ.पी.श्रीवास्तव, डॉ0 सुनील नायक, डॉ0 आर.के. शर्मा, डॉ0 पी.सी.शुक्ला, डॉ0 अपरा षाही, डॉ0 रनबीर सिंह जाटव, डॉ0 रनधीर सिंह, डॉ0 डी.के.गुप्ता, डॉ0 एस.एन. शुक्ला, डॉ0 मनीष शुक्ला, सहित समस्त प्राध्यापकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 शोभा जावरे, सम्मान पत्र का वाचन डॉ0 निधि गुप्ता तथा आभार प्रदर्षन डॉ0 निधि राजपूत ने किया।

दिनाँकः 02/01/2017

डॉ. ओ.पी. श्रीवास्तव
सूचना जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि,जबलपुर